
हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 14 मार्च 2025

07 एसडीएम के हस्तक्षेप से मंडी की व्यवस्था...



08 जंगल व सड़क किनारे लगे पलाश के पेड़ों पर इन...





## खबर संक्षेप

### आज शाम 4 बजे तक शराब दुकानें बंद रहेगी

**विदिशा।** होली को लेकर आज शराब दुकानें बंद रहेंगी। शाम चार बजे के बाद ही दुकानें खोली जा सकेंगे। संपूर्ण जिले में जिले की सभी शराब दुकानों एवं मदिरा भंडागारों से शराब विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### न्यायालय परिसर में 200 लोगों की जांच

**विदिशा।** जिला न्यायालय परिसर में निरोगी काया अभियान के तहत स्वास्थ्य और विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने किया। शिविर में न्यायाधीश, अधिवक्ता, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर और न्यायालय कर्मचारी मौजूद रहे। जाकिर हुसैन ने कहा कि खराब जीवनशैली के कारण कम उम्र में हाईपरटेंशन और डायबिटीज जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। योगासन को दिनचर्या में शामिल करने और खानपान पर ध्यान देने की सलाह दी। समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने पर भी जोर दिया। शिविर में 200 लोगों की जांच की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीतेंद्र सिंह तोमर ने सभी न्यायाधीश, डॉक्टर, अधिवक्ता और कर्मचारियों का आभार माना।

### पीएम इंटर्नशिप के आवेदन की तिथि बढ़ी

**विदिशा।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 12 मार्च से बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दी गई है। इस योजना के तहत देश के युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने की इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा। आईटीआई प्राचार्य एपी श्रीवास्तव ने बताया कि 21 से 24 वर्ष के वे युवा, जो पूर्णकालिक रोजगार या शिक्षा में नहीं हैं और जिन्होंने हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी, आईटीआई, पॉलिटेक्निक या स्नातक किया है, वे आवेदन कर सकते हैं। आवेदन कारपोरेट कार्य मंत्रालय के पोर्टल (https://pminternship.mca.gov.in) पर किया जा सकता है।

### पुलिस ने साइबर अपराध की जानकारी दी

**विदिशा।** जन जागरूकता अभियान के तहत करारिया पुलिस द्वारा ग्राम करारिया में जन चेतना शिविर के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। थाना प्रभारी थाना करारिया निरीक्षक जमीर कांजी, एएसआई मानसिंह, योगेंद्र भदौरिया आरक्षक रामभरत द्वारा साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति एवं महिला अपराधों के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को बताया गया कि साइबर फ्रॉड के बचाव एवं साइबर फ्रॉड हो जाने पर पोर्टल एवं 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

### सपना ब्रांड नमकीन निर्माता पर 90 हजार का जुर्माना ठोका

**विदिशा।** अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णायक अधिकारी अनिल कुमार डामोर ने खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा दायर एक प्रकरण में सुनवाई करते हुए 90 हजार रुपए का अर्थ दंड घोषित करने का आदेश जारी किया है। गौरतलब हो कि सीहोर की सपना ब्रांड नमकीन के निर्माता पर खाद्य पदार्थ नमकीन मिथ्याछाप के प्रकरण की सुनवाई, साक्ष्यों के ब्यान और दस्तावेजों के परीक्षणों उपरांत निर्धारित धाराओं के अनुसार अर्थ दंड घोषित किया गया है।

### पुलिस ने 48 घंटे में सुलझाई मर्डर मिस्ट्री

## कहासुनी के बाद किस्त की राशि देने कलेक्शन एजेंट सूरज को अंकित ने पवई की ओर बुलाया, फिर पहले से तैयार फंदे से गला कसकर मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

10 मार्च को गुलाबगंज क्षेत्र में फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट सूरज लोधी की हत्या और लूट का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर दिया। इस जघन्य अपराध के पीछे लोन रिकवरी के विवाद का मामला सामने आया है।

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के बाद आरोपी अंकित कुशवाह को हिरासत में लिया। जिसने अपना जुर्म




कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने व गांव के अन्य लोगों ने फ्यूजन फाइनेंस कंपनी लोन लिया था। जिसकी किस्ते सूरज लोधी को चुकाते थे। घटना वाले दिन सूरज लोधी ने बार-बार कॉल कर लोन की किस्त मांगी। जिससे आरोपी अंकित और सूरज के बीच कहासुनी हो गई।

गुस्से में आकर अंकित ने उसकी हत्या और लूट की योजना बना डाली। शाम को रेलवे गेट के पास सूरज से मुलाकात कर अंकित उसे किस्त देने के बहाने पवई की ओर ले गया। पहले से तैयार फंदे से सूरज का गला कस दिया। जिससे वह बाइक से गिर पड़ा। फिर आरोपी ने रस्सी से गला दबाकर सूरज की हत्या कर दी। इसके बाद उसने बैग, मोबाइल और नकदी लेकर घर चला गया तथा बैग को संतापुर पारदी के डेरे के पास जला दिया। तकनीकी साक्ष्यों और आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रस्सी, मृतक का रेडमी कंपनी का मोबाइल व 51 हज़ार 900 रुपए की नकदी बरामद की। आरोपी अंकित पिता जीवन सिंह कुशवाह निवासी ग्राम संतापुर चक, थाना गुलाबगंज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### रात 10 बजे भी कार्यालय नहीं पहुंचा तब कंपनी के कर्मचारी थाने पहुंचे

फ्यूजन फाइनेंस कंपनी के मैनेजर बंटी कलावत ने थाना गुलाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका कलेक्शन एजेंट सूरज लोधी 10 मार्च को सुबह 8 बजे गुलाबगंज कलेक्शन के लिए निकला था। शाम 7 बजे फोन पर बात हुई। जिसमें उसने बताया कि कुछ कलेक्शन बाकी है और वह विदिशा लौट रहा है। रात 10 बजे तक कार्यालय नहीं पहुंचा, तो कंपनी के कर्मचारी उसे तलाशते हुए थाना गुलाबगंज पहुंचे। सुबह 8:30 बजे रेलवे लाइन के पास एक बाइक और शव मिला। जो सूरज लोधी का था।

### सख्ती की तैयारीः आईजी ने किया थाने का निरीक्षण, नशे में हुड़दंग बर्दास्त नहीं

## पुलिस के टारगेट पर संवेदनशील इलाके महिलाओं से दुर्व्यवहार पर होगी कार्रवाई

भोपाल रेंज के आईजी अभय सिंह ने विदिशा में होली और रंगपंचमी की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कोतवाली थाना, पुलिस कंट्रोल रूम, ऊर्जा डेस्क, गुलमोहर केंद्र और सिविल लाइन थाने का निरीक्षण किया।



विदिशा। निरीक्षण के दौरान भोपाल आईजी अभय सिंह ने थानों में पहुंचकर जांच पड़ताल की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आईजी अभय सिंह ने गुरुवार को पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की उन्होंने कहा कि होली का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाना चाहिए।

रमजान और होली-रंगपंचमी के मद्देनजर संवेदनशील इलाकों में विशेष गश्त की जाएगी। संदिग्ध और अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। नशीले पदार्थों से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए विशेष टीमें तैनात की जाएंगी। आईजी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि होली पर नशे में धुत व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से परंपरागत तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रोहित कसवानी, सीएसपी अतुल सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। आईजी ने कोतवाली थाने में एक पीड़ित परिवार से भी मुलाकात की।

होलिका दहन पर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम क्षितिज शर्मा ने 13 मार्च की रात 8 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के आदेश जारी किए। कोतवाली थाना क्षेत्र में तहसीलदार अमित सिंह, नायब तहसीलदार आकाश महंत और 5 पटवारी तैनात किए गए। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ग्रामीण तहसीलदार अजय पाठक, नायब तहसीलदार निधि लोधी और 5 पटवारी ड्यूटी पर रहेंगे। करारिया थाना क्षेत्र में नायब तहसीलदार आरपी त्यागी, इदरीश खान और 5 पटवारी तैनात किए गए।

### 400 से अधिक वाहन चेक, 95 वाहनों पर की चालानी कार्रवाई

इधर यातायात पुलिस सभी सख्त दिखाई दे रही है। जिलेभर में यातायात पुलिस की सख्त दिखाते हुए 13 दिन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। 400 से भी अधिक वाहनों को चेक किया गया। जिसमें कुल 95 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 70 हजार वसूले। इस दौरान अनाधिकृत हूटर, फ्लैश लाइट, वीआईपी स्टीकर, अवैध नंबर प्लेट, मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई। सभी थाना क्षेत्रों में सूबेदार आशीष राय यातायात के नेतृत्व में पुलिस की टीमों ने सख्ती से कार्रवाई की। यातायात पुलिस ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें और अनधिकृत हूटर, लाल/पीली बत्ती, सर्च लाइट, अवैध नंबर प्लेट, वीआईपी स्टीकर या मॉडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं। केवल आरटीओ द्वारा अधिकृत हाई-सिक्योरिटी नंबर प्लेट का उपयोग करें।

## दो महिला प्रतिनिधियों को नोटिस पर बवाल

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने जारी किए हैं नोटिस

एकाधिकार और वर्चस्व की जंग में पार्टी के अंदरूनी मामले सड़कों पर, दुर्गति देख कार्यकर्ताओं में हताशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भारतीय जनता पार्टी के गढ़ विदिशा में जिलाध्यक्ष के पद पर महाराज सिंह दांगी की नियुक्ति के बाद से ही अंदरूनी मामले सड़कों पर आने लगे हैं। जिलाध्यक्ष के द्वारा जिपं अध्यक्ष गीता रघुवंशी और नपाध्यक्ष प्रीति शर्मा को नोटिस जारी किये जाने का मामला सार्वजिनक होने के बाद अब दूसरा मामला भी सड़क पर आ गया है।

गंजबासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी (बड्डा) ने जिपं में कैलाश रघुवंशी को प्रतिनिधि नियुक्ति किया था लेकिन अब इस नियुक्ति को वापस ले लिया गया है। इस बात का पत्र भी सार्वजनिक हो गया है। इस खबर की चर्चा इसलिए महात्वपूर्ण हो गई है कि भाजपा संगठन अनुशासन के लिये जाना जाता रहा है लेकिन यही अनुशासन विदिशा में अब तार-तार होता नजर आने लगा है। जैसा की माना जा रहा था कि नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष रिमोट कंट्रोल से काम करेंगे। यह धरातल पर भी दिखाई देने लगा है। दूसरी तरफ प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा से भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा की निकटता और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से विधायक मुकेश टंडन की निकटता भाजपा को मजबूत बनाने में जरा भी काम आती नजर नहीं आ रही है। क्योंकि जब जिले के प्रमुख पदों पर चुनाव से निर्वाचित होकर पहुंची दो महिला जनप्रतिनिधियों को नोटिस दिये जा रहे थे तब पूरा संगठन मौन रहा।

इस बात को भी हवा दी गई कि जिपं अध्यक्ष को मिले नोटिस के बाद जिपं में अविश्वास प्रस्ताव भी लाया जा सकता है। इसी तरह नपाध्यक्ष के खिलाफ रचा गया षडयंत्र भी सार्वजनिक हो ही चुका है। भाजपा जहां नारी शक्ति और नारी सम्मान की बात कहती है, वहीं विदिशा की राजनीति में तरह तरह के षड़यंत्र महिला जनप्रतिनिधियों के खिलाफ ही रचे जा रहे हैं। भाजपा के अंदरूनी मामले सार्वजनिक होने के मुद्दे पर भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी से बात करने का प्रयास किया लेकिन उन्होने फोन रिसीव नहीं किया। दूसरी तरफ भाजपा नेता कैलाश रघुवंशी का कहना है कि मेरी जानकारी में ऐसी कोई बात नहीं है। बासौदा विधायक वरिष्ठ नेता हैं और हमारे मार्गदर्शक हैं। वे जो भी निर्णय लेंगे पार्टी हित में लेंगे इसलिए इस पर मेरी कोई टिप्पणी नहीं है।

### कैलाश व राकेश की लोकप्रियता से बौखलाए नेता

जिपं अध्यक्ष गीता रघुवंशी के पति कैलाश रघुवंशी और नपाध्यक्ष प्रीति शर्मा के पति राकेश शर्मा की राजनीति में बढ़ती सक्रियता और भाजपा कार्यकर्ताओं में उनके नेतृत्व की स्वीकार्यता बढ़ने से भाजपा नेताओं को अपना भविष्य खतरे में नजर आने लगा है। भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को भी जानबूझकर सार्वजनिक करके दोनों नेताओं के मनोबल को तोड़ने का ही षडयंत्र रचा गया था। इसी रास्ते पर चलते हुए विधायक हरिसिंह रघुवंशी का यह पत्र भी सार्वजनिक किया होगा। लेकिन दोनों ही नेता सकारात्मक राजनीति करने के साथ संगठन में आस्था रखने वाले हैं। इसलिए इन षडयंत्रों का उनके पर जरा भी असर नहीं हो रहा है इससे भी षडयंत्रकारी नेता बौखलाए हुए हैं।

### सिर्फ एक बैठक के लिए ही बना सकते हैं प्रतिनिधि

संवैधानिक रूप से विधायक को अपना प्रतिनिधि बनाने का अधिकार नाममात्र का ही है। जैसे कि किसी बैठक में विधायक किसी कारणवश शामिल नहीं हो पा रहे हैं तो वे सिर्फ उसी एकमात्र बैठक के लिए विधायक प्रतिनिधि बनाकर भेज सकते हैं। विधायक प्रतिनिधि की यह नियुक्ति सिर्फ उसी बैठक के लिए मान्य होगी। इसे इस तरह समझा जा सकता है कि विधायक प्रतिनिधि नियुक्ति का पत्र सिर्फ एक बार और एक बैठक के लिए ही मान्य होगा। उसी विभाग की अगली बैठक में यह नियुक्ति मान्य नहीं होगी। इसलिये अस्थाई रूप से या अस्थाई रूप से विधायकों को प्रतिनिधि नियुक्त करने का अधिकार नहीं होता है। इस तरह विधायकों के द्वारा नियुक्त किये प्रतिनिधि अवैध एवं असंवैधानिक हैं। ऐसा कोई भी आदेश शासन ने कभी जारी नहीं किया है कि वे अस्थाई रूप से किसी को अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर सकें।

## वृद्धाश्रम पहुंचे कलेक्टर ने होली व रंगपंचमी की दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने होली की पूर्व संध्या पर शहर के श्रीहरिवृद्धाश्रम में पहुंचकर वृद्धजनों से संवाद किया और उन्हें होली की शुभकामनाएं अभिव्यक्त की।

कलेक्टर श्री सिंह ने वृद्धजनों को अपने हाथो से गुलाल लगाई और चरण स्पर्श कर शुभाशीर्वाद प्राप्त किया है। इस दौरान उन्होंने सभी बुजुर्गों को अपने हाथों से मिष्ठान पैकेट वितरित किए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने इससे पहले वृद्धाश्रम में बुजुर्गो के रहने हेतु, भोजन सहित अन्य दैनिक दिनचर्या की पूर्ति हेतु किए गए प्रबंधो का अवलोकन कर जानकारियां प्राप्त की है। उन्होंने रसोई कक्ष के रोशनदान में जाली लगाने के निर्देश सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक को दिए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों से रू-ब-रू होकर उनकी दिनचर्या कैसे गुजरती है कि जानकारियां प्राप्त की। उन्होंने होली के पावन पर्व पर क्या-क्या



मिष्ठान बनाएंगे कि जानकारियां लेते हुए खूब मिलकर होली खेले। रंग और जो भी चीज चाहिए सब उपलब्ध कराई जाएगी।

### मौत के घाट उतारने वाले को कारावास

**विदिशा।** प्रधान सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने थाना गुलाबगंज में दर्ज अपराध में निर्णय पारित करते हुए आरोपी हल्कई मालवीय निवासी धनियाखेड़ी को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। पैरवी विशेष लोक अभियोजक जेस तोमर द्वारा की गई। 17 अगस्त 2024 को फरियादी मोहरसिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात 10:30 बजे उसके घर के सामने आरोपी हल्काई मालवीय व उसका छोटा भाई रामू मालवीय आपस में झगड़ा रहे थे। हल्कई ने डंडे से रामू के साथ मारपीट की। जिससे रामू वहीं गिरकर बेहोश हो या। दो व्यक्तियों ने यह घटना देखी और बीच-बचाव किया। रामू मालवीय को बेहोशी की हालत में एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रकरण को जघन्य व सनसनीखेज अपराध के रूप में चिन्हित किया गया था।

### दो प्रकरणों में एसपी ने की नकद इनाम देने की घोषणा

**विदिशा। एसपी** रोहित काशवानी ने फरार आरोपियों के दो प्रकरणों में सूचना देने वालों को नगद राशि देने की घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। पठारी के दर्ज अपराध के फरार आरोपी राजेश कुमार पुत्र मानूजी छाबड़ा निवासी निकोबास खंडोसन महेसाना, गुजरात एवं ममता पत्नी राजेश पांडे निवासी मोटूकाबास सालासर वाटिका थाना दौलतपुरा जयपुर पश्चिम राजस्थान की सूचना देने वाले को तीन-तीन हजार रुपए प्रत्येक पर इसके अलावा थाना कुरवाई में दर्ज अपराध के फरार आरोपी मनीष चैबे सहायक ग्रेड तीन निवासी गंजबासौदा, हिमांशु अग्रवाल निवासी भोपाल, शिवम् गुप्ता संचालक एकता टेडर्स भोपाल की सूचना देने वालो को दो-दो हजार रुपए प्रत्येक पर नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन दर्ज करें

**विदिशा।** पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जिनके द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति हेतु अपना आवेदन ऑन लाइन दर्ज नहीं कर पाए है ऐसे विद्यार्थियों को अवसर मुहैया कराया गया है कि जानकारी देते हुए पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सहायक संचालक श्रीमती संगीता जायसवाल ने बताया कि एमपी टॉस्क पोर्टल पर ऐसे विद्यार्थियो के आवेदन स्वीकार किए जा रहे है जो किन्चित कारणो से दाखिल नहीं कर सकें थे। श्रीमती जायसवाल ने जिले के समस्त शासकीय अशासकीय, आईटीआई संस्थानो के संचालक व प्राचार्यो को पत्र प्रेषित कर अपने महाविद्यालय के सत्र 2023-24 के शेष रहे ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों से पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन शीघ्र ही ऑन लाइन दर्ज कराने की प्रक्रिया क्रियान्वित कराने हेतु पत्राचार किया गया है।

### कंट्रोल रूम सुबह 10 से शाम 6 बजे तक शासकीय अवकाशों में भी क्रियाशील रहेंगे

## पेयजल समस्या निवारण प्रकोष्ठ का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित न हो खासकर हैंडपंप और नलजल योजना के माध्यम से जल की आपूर्ति सतत बनी रहें।

कहीं हैंडपंप व नलजल योजना की मशीनों में खराबी आती है तो अविलम्ब जानकारी प्राप्ति के लिए जिला मुख्यालय के साथ-साथ उपखंड मुख्यालयों पर भी कंट्रोल रूम गठित किए गए हैं ताकि सूचना प्राप्ति के बाद अविलम्ब मरम्मत संबंधी कार्य शीघ्र किया जा सकें। जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के कार्यो की गहन समीक्षा की और उन्होंने हरेक विकासखण्ड स्तर पर एक-एक कंट्रोल रूम गठित कर संचालित करने के निर्देश दिए हैं। इन कंट्रोल रूमों में प्राप्त होने वाली सूचनाओं को पंजीबद्ध कर एक दिवस में ही निराकरण करने की प्रक्रिया क्रियान्वित करने के निर्देश दिए है। जिपं सीईओ सनोडिया ने ग्रीष्मकाल को ध्यानगत रखते हुए हैंडपंपों के सुधार कार्य प्रभावित न हो इसके लिए आवश्यक सामग्रियों की पूर्व में ही व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई है। पीएचई के ईई संतोष साल्वे ने बताया कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07592-250663 है वहीं कंट्रोल रूम प्रभारी अमित श्रीवास्तव का मोबाइल नम्बर 7999775044 है। कंट्रोल रूम प्रातः दस बजे से सांय छह बजे तक शासकीय अवकाशों में भी क्रियाशील रहेंगें।

### ग्रामीण क्षेत्रों में इन अधिकारियों को सौपीं है जिम्मेदारी

जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी उपखंड मुख्यालयों पर भी कंट्रोल रूम की तर्ज पर अधिकारियों को जबावदेंही सौंपी गई है साथ ही उनके मोबाईल नम्बरों पर पेयजल संबंधी समस्या से सीधे अवगत कराकर समाधान प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए विदिशा उपखण्ड में सहायक यंत्री अमर दाहिया 9584006571 जिनका कार्यक्षेत्र विदिशा एवं नटेरन रहेगा। जबकि उपयंत्री दीपक शाह 8770649019 को नटेरन का तथा उपयंत्री शिखा मेश्राम 9669556160 को विदिशा विकासखण्ड क्षेत्र का दायित्व सौंपा गया है। ग्यारसपुर विकासखण्ड के लिए सहायक यंत्री प्रताप सिंह ठाकुर 9406609005, उपयंत्री प्रमित राठौर 8516077751 को तथा बासौदा एवं कुरवाई उपखण्ड के लिए सहायक यंत्री अमर दाहिया 9584006571, उपयंत्री एसके कुम्हार 9425640704 को कुरवाई का, उपयंत्री अंजली मोविया 7879225632 एवं उपयंत्री श्रेयांश श्रीवास्तव 7691943817 को बासौदा का हेतु नियुक्त किया गया है। सिरोंज, लटेरी उपखण्ड के लिए सहायक यंत्री देवीसिंह मर्सकोले 8462891133 को तथा उपयंत्री पुष्पेन्द्र दांगी 9893152066 को दायित्व सौंपा गया है।कंट्रोल रूम में ड्यूटी पर कार्यरत कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर टेलीफोन काल अटेण्ड करेंगे एवं पेयजल समस्या तथा हेण्डपंप खराबी से संबंधित शिकायतें प्राप्त होने पर रजिस्टर्ड में दर्ज करने के उपरांत संबंधित सहायक यंत्री, उपयंत्री को अवगत कराएंगे एवं समय सीमा में निराकरण की कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त कर रजिस्टर में दर्ज करेंगे।




AR CREATORS INDIA PVT.LTD.
सपनों को हकीकत में बदलते हैं हम ......
आप सभी को होली एवं रंगपंचमी की हार्दिक शुभकामनाएँ
सपना होगा साकार, एक नए आधुनिक शहर का,
सभी शासकीय अनुमतियाँ प्राप्त ग्रीन पार्क फेस-3 में
TOWN & COUNTRY PLANNING
T&CP
APPROVED
विदिशा जिले का एकमात्र इन्डोर स्टेडियम
बच्चों के खेलने के लिये गार्डन
जॉगिंग ट्रैक
फाउन्टैन पार्क
रिंग पार्क
पार्टी लोन
खूबसूरत एलीवेशन एवं व्यवस्थित लेआउट प्लान के साथ सिंगलेक्स बंगलो की खूबसूरत श्रृंखला
होली ऑफर
14.99 लाख
कीमत का
सिंगलेक्स मात्र
12 .49 लाख में
2.5 लाख का सीधा फायदा
अधिक जानकारी के लिये हमसे संपर्क करें
कार्यालय/साईट पता : रेल्वे स्टेशन से मात्र 5 मिनट की दूरी पर, त्योंदा रोड से स्टेशन बायपास रोड, गंज बासौदा।
www.arcreators.in
arcreatorsipl@gmail.com
9340-444-183, 7747-877-677
5 मिनिट की पैदल दूरी पर
CM RISE नए क्षितिज
सी एम राईज स्कूल
रेलवे स्टेशन
बी ऐड कालेज
AR CREATORS INDIA PVT.LTD.
सपनों को हकीकत में बदलते हैं...
सपना होगा साकार, एक नए आधुनिक शहर का,
नगर की सुव्यवस्थित कॉलोनी ग्रीन पार्क गुलाबगंज में
Green Park
a blend of nature & luxury
TOWN & COUNTRY PLANNING T&CP APPROVED
AR CREATORS
ओवर हेड टैंक द्वारा जल प्रदाय
कॉलोनी का मुख्य एवं आकर्षक 2 प्रवेश द्वार
बच्चों के खेलने के लिये गार्डन
बासकेट बॉल कोट
बच्चों के खेलने के लिये गार्डन
अधिक जानकारी के लिये हमसे संपर्क करें
कार्यालय/साईट पता : ग्रीन पार्क कॉलोनी, विदिशा बासौदा रोड, नई तहसील के सामने, गुलाब गंज।
www.arcreators.in
arcreatorsipl@gmail.com
88787 77277, 9424463150

## खबर संक्षेप



### घर में अचानक लगी आग लाखों का सामान खाक

सिरोंज। क्षेत्र के ग्राम बगरोदा में दोपहर के समय अचानक एक कच्चे घर में आगजनी की घटना घटित हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बगरोदा निवासी अशोक नामदेव के घर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि घर के अंदर खाने पीने का सामान एवं गेहू तथा बास वल्ली,पहनने, ओढ़ने बिछाने के कपड़ा नगद 40 हजार रुपए एवं सोने चांदी के कुछ आभूषण जल कर खाक हो गए। अशोक ने बताया की दोपहर करीब 12.30 बजे अचानक आग लग जाने के कारण घर में रखा घर गृहस्ती का संपूर्ण सामान जलकर खाक हो गया। जिस समय घर में आग लगी थी परिवार उस समय खेत पर मजदूरी पर फसल काट रहा था। वही उन्होंने बताया कि घर में 8 सदस्य हैं, अपना गुजारा मजदूरी करके करता हूं, इस घटना से मेरे सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। रानी नामदेव का कहना है कि उनके पिता ने दहेज में जो सामान दिया था। वह भी जल कर नष्ट हो गया। उन्होंने एसडीएम को आवेदन देकर शासन से राहत मांगी है।

### पार्षद मनोज राय भाजपा से निष्कासित

**सागर।** खुरई विधानसभा के टैगोर वार्ड से पार्षद मनोज राय को भाजपा से निष्कासित कर दिया गया है। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन बताया कि खुरई विधानसभा के टैगोर वार्ड से पार्षद मनोज राय पर दुष्कर्म का मामला दर्ज की जानकारी लगते ही जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने उन्हें पार्टी से 6 वर्षो के लिए निष्कासित कर दिया है। जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने निष्कासन पत्र में लिखा है कि मनोज राय पर कदाचरण का प्रकरण दर्ज हुआ है।

## व्यापारियों के दिए पत्रों को मंडी समिति कर रही थी नजरअंदाज

# एसडीएम के हस्तक्षेप से मंडी की व्यवस्था में आया सुधार, व्यापारियों ने दिया धन्यवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

कृषि उपज मण्डी मे एसडीएम हर्षल चौधरी के प्रयास से नया धर्म कांटा लगने से अब मण्डी में होने वाली चोरियो पर भी लगाम लगेंगी। साथ ही वर्षो से चली आ रही जाम की समस्या से आम नागरिको,किसानो व व्यापारियो को निजात मिलेगी। कृषि उपज मण्डी में फैली अव्यवस्थाओं के कारण एक तरफ व्यापारी तो परेशान थे ही दूसरी ओर किसानों को भी मण्डी की अव्यवस्थाओं के चलते जाम सहित अनेको प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

मण्डी में आवक अधिक होने के कारण मण्डी बायपास रोड पर आम नागरिको को घण्टो जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। लेकिन इन अव्यवस्थाओं को लेकर मण्डी समिति का इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा था। व्यापारियो द्वारा पत्र के माध्यम से मण्डी सचिव को मण्डी में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर अवगत कराया गया था। लेकिन मण्डी समिति द्वारा व्यापारियो के पत्र को अनदेखा किया जा रहा था। मण्डी समिति द्वारा कोई कार्यवाही न करने से व्यापारियो ने व्यवस्थाओं में सुधार के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी को पत्र देकर सुधार की मांग की थी।



### एसडीएम के हस्ताक्षेप पर

व्यापारियों द्वारा मण्डी में व्याप्त अव्यवस्थाओं के लेकर विगत दिनों में मण्डी प्रशासन को तीन पत्र दिया जा चुके थें। जिनको मण्डी समिति द्वारा लगातार नज़रअंदाज़ किया जा रहा था। जिसके कारण पूरे मण्डी क्षेत्र में अव्यवस्थाओं का अंबार लग गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम हर्षल चौधरी ने एसडीएम कार्यालय में मण्डी समिति व व्यापारियो की एक बैठक बुलाई। इस मौके पर बैठक में व्यापारियों द्वारा ई नीलामी करने के लिए पर्याप्त मशीन और ऊपर बैठे कर्मचारियों को नीलामी के समय नीचे रहने की बात कही थी। साथ ही मण्डी परिसर में साफ़ सफाई व्यवस्था पर भी व्यापारियो ने नाराज़गी व्यक्त की और बैंकों की सामने पार्किंग को व्यवस्थित करने की बात एसडीएम के समक्ष रखी। जिस पर एसडीएम हर्षल चौधरी ने मण्डी समिति को निर्देशित किया कि सफाई के लिए कर्मचारी बढ़ाने, नीलामी के समय पूरा स्टाफ़ नीचे रहने और बैंकों के सामने खड़ी गाड़ियो को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। तो वही नया १० टन का काँटा लगाने की बात भी कही। व्यापारियों द्वारा गतिरोध दूर करने के लिए और समस्याओं को सुलझाने के लिए मात्र एक दिन में नया धर्म काँटा लगाने की परमीशन लाने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी का अनाज तिलहन व्यापार संघ अध्यक्ष समीर भार्गव, राजेश मित्तल,कमलेश जैन,गगन तारन,लोकेश जैन,प्रियंक जैन,राजेश जैन,मनीष जैन,पप्पु साहू आदि मण्डी व्यापारियो द्वारा धन्यवाद दिया गया।

### किसानों व व्यापारियों में हर्ष की लहर

*विगत कई वर्षो से देखा आ रहा है कि जब भी मण्डी में आवक अधिक होती है तो मण्डी बायपास रोड पर घण्टो तक जाम की स्थिति बनी रहती है। जिस कारण वाहन चालको घण्टो जाम में फसे रहना पडता है। तो वही पैदल चलने वाले नागरिको को भी काफी परेशानियो को सामना करना पडता था। तो वही दूसरी ओर मण्डी में एक ही धर्म कांटा होने से किसानो व व्यापारियो को चोरी सहित कई प्रकार की परेशानियो का सामना करना पड रहा था। व्यापारियो द्वारा कई वर्षो से नया धर्म कांटा लगाने की मांग स्थानीय प्रशासन से की जा रही है। तो वही एसडीएम हर्षल चौधरी के प्रयासो से मण्डी परिसर में नया धर्म कांटा लगाने की परमीशन हुई। जिस पर एसडीएम हर्षल चौधरी के प्रयासो से किसानो व व्यापारियो में हर्ष व्याप्त है। वही व्यापारियो व किसानो ने एसडीएम को धन्यवाद देते हुए कहा कि नया धर्म कांटा लगने से किसानो की उपज की तुलाई भी समय पर हो पाएगी। साथ ही मण्डी में होने वाली चोरियो पर भी लगाम लगेगी।*

## केंवि नामकरण राष्ट्रसंत के नाम हो

# सांसद ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से की मुलाकात, रखी गई डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज



सागर-सिरोंज संसदीय क्षेत्र सांसद डॉ लता वानखेडे ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर ग्राम सदलगा जिला बेलगावी में संचालित केंद्रीय विद्यालय का नामकरण राष्ट्रसंत जैनाचार्य संत शिरोमणि 108 श्री विद्यासागर जी महाराज केंद्रीय विद्यालय सदलगा करने का निवेदन किया।

इस अवसर पर डॉ लता वानखेडे ने कहा कि भारतीय संस्कृति के उत्थान करने में संतो, साधुजनों का सदा ही अभूतपूर्व योगदान रहा है और उन्होंने जाति,पंथ,संप्रदाय की सीमाओं से ऊपर उठकर प्राणी मात्र के कल्याण हेतु निरंतर प्रयास किये इसी कड़ी में राष्ट्रसंत जैनाचार्य संत शिरोमणि 108 श्री विद्यासागर जी महाराज का नाम अग्रणी रूप से लिया जाता है, कि जिन्होंने अपनी 78 वर्ष की आत्मसाधना के साथ प्राणी मात्र के हित और कल्याण के लिए निरंतर प्रयास किये, और वर्तमान में उनकी ही प्रेरणा से देशभर में विभिन्न प्रकार के प्रकल्प चल रहे हैं। उन्होने कहा कि राष्ट्रसंत जैनाचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का जन्म,लालन-पालन,शिक्षा आदि लगभग 22 वर्षों तक सदलगा तहसील चिक्कोड़ी जिला बेलगावी कर्नाटक में हुई थी। दक्षिण भारत में जन्मे संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज ने अपने जीवन के 57 वर्ष उत्तर भारत के राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड ,पश्चिम बंगाल, गुजरात, उड़ीसा, महाराष्ट्र आदि प्रांतो में लाखों किलोमीटर की पदयात्रा कर मानवीय मूल्यों की स्थापना करने का निरंतर प्रयास किया।

इसलिए उनके देशव्यापी योगदान को सदा याद रखने वर्तमान में ग्राम सदलगा तहसील चिक्कोड़ी जिला बेलगामी कर्नाटक में केंद्रीय विद्यालय संगठन के द्वारा दसवीं कक्षा तक का केंद्रीय विद्यालय जिसे सत्र 1921 से संचालित किया जा रहा है उसका नामकरण राष्ट्रसंत जैनाचार्य संत शिरोमणि 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के नाम से करने का निवेदन किया ताकि महाराज जी के योगदानों को सदा याद रखा जाए।

# कोकिलकंठी पद्मश्री दिवाली बेन भील की मूर्ति जूनागढ़ में स्थापना से इतिहास रचेंगे: हार्दिक

**सिरोंज।** गुजरात में दिवाली बेन भील का नाम घर घर में इसलिये गूंजता है की गुजरात के साथ साथ देश विदेश में बसते गुजरातीओं के घर में पद्मश्री दिवाली बेन भील के गाने गुंजते है।



विश्व में कहीं भी गरबा हो तो दिवाली बेन भील का सुप्रसिद्ध गुजराती गाना मारे तोड़ले बैठो रे मोर क्या बोले गाना बजना ही बजना है यह बात कहते हुए मुंबई के हीरा माणेक ग्रुप के हार्दिक हुंडिया ने कहा कि मुझे यह मूर्ति जूनागढ़ में बिराजित करते हुए बहुत आनंद और गौरव हो रहा है। हार्दिक हुंडिया ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माताजी हीरा बाँ का गांधीनगर में सम्मान करने के बाद हम जूनागढ़ में माँ दिवाली बेन के घर जाकर के उनका भी मातृ सम्मान किया था। माँ दिवाली बेन साक्षात प्रेम, आदर और सत्कार का ख़ज़ाना है। हार्दिक हुंडिया ने कहा कि माँ सबरी जैसी अनमोल प्रतिभा है दिवाली बेन भील। मेरा भी बहुत ही प्रिय गीत है मारे तोड़ले बैठो रे मोर,जो मुझे दिवाली बेन भील ने सुनाया था। जो शायद उन्होंने उनकी जिंदगी में अंतिम बार मुजे सुनाया था। देश के भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने भी दिवाली बेन की बहुत तारीफ़ की थी। उन्होंने कहा था कि दिवाली बेन देश विदेश जहां पर भी हो हमेंशा सिर पर पल्लू रखते थे वो उनको बहुत अच्छा लगा था। दिवाली बेन की मूर्ति जैन और अजैन भगवानों

# करीला मेले की व्यवस्थाओं का अधिकारियों ने लिया जायजा

## मेले में श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसका रखें विशेष ध्यान

**सिरोंज।** प्रतिवर्ष रंगपंचमी के अवसर पर अशोकनगर-विदिशा जिले की सीमा पर स्थित मां जानकी धाम करीला में तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार भी करीला में बड़े स्तर पर मेला लगना है। इसी संबंध में अपर कलेक्टर अनिल डमोर,एसडीएम हर्षल चौधरी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे सहित समस्त विभागो के अधिकारी कर्मचारी करीला पहुंचे और उन्होने वहां पर लगने वाले मेले के संबंध में तैयारियां कराने हेतू जायजा लिया।

अपर कलेक्टर अनिल डमोर,एसडीएम हर्षल चौधरी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे करीला धाम पहुचें जहां पर उन्होने मैया जानकी के दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। इसके



बाद उन्होने मंदिर ट्रस्ट के सदस्य के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें वाहन पार्किंग व्यवस्था,पेयजल,लाईट,पानी,बिजली,चिकित्सा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। वहीं एसडीएम हर्षल चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि बामोरीशाला, दीपनाखेडा, पथरिया, कुरवाई वायपास सहित अन्य स्थानों पर पुलिस के जवान तैनात किए जाएगें। इस दौरान ओवर लोडिंग यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और सघन चेकिंग कराई जाएगी।

**मुख्य चौराहो पर पुलिस जवान तैनात :** इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने कहा कि करीला मेला की सुरक्षा के लिए करीला धाम जाने वाले रास्तो पर प्रत्येक चौराहो पर पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। महिला पुलिस तैनात रहेंगी। आवागमन सुचारू बनाने के लिए बैरिकेडिंग व्यवस्था कराई जाएगी।

श्रद्धालुओं के लिए सुगम आवागमन, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, शुद्ध पेयजल एवं माता जानकी के दर्शन हेतु आवश्यक सुरक्षा के साथ सुविधाएं रहेंगी। जिनकी ड्यूटी लगाई जाएगी वह अधिकारी मेला में मौजूद रहेंगे। मेला परिसर में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध रहेगा।

## प्रायोगिक परीक्षा नियमों की अवहेलना

# परीक्षा प्रभारी का मनमाना रवैया, डीईओ से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

10वीं की प्रायोगिक परीक्षा में शासकीय हाईस्कूल नौलास में परीक्षा प्रभारी हरिनारायण अहिरवार द्वारा परीक्षा नियमों की अवहेलना एवं मनमाने ढंग से परीक्षा करने पर उन्हे कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

नोटिस का जवाब न देने पर 24 फरवरी को जिला शिक्षाधिकारी को सूचित किया कर 10 बोर्ड प्रायोगिक परीक्षा में हुई अनियमितता के लिए जांच समिति द्वारा जांच करवाने की मांग की गई है। लेकिन जिलाधिकारी कार्यालय से शिक्षक पर अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। उनकी लापरवाही के कारण एक छात्र के प्रायोगिक परीक्षा में अंक ऑनलाइन लॉक नहीं हो सकें। जिस कारण पर छात्र के पिता द्वारा सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत की संभावना होने पर शिक्षक हरिनारायण अहिरवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उन्होंने नोटिस लेने से भी इनकार कर दिया।इस कारण नोटिस को व्हाट्सअप पर प्राचार्य द्वारा डाला गया। परीक्षा प्रभारी ने 24 फरवरी तक स्पष्टीकरण नहीं दिया।

इस मामले की पूरी जानकारी जिला शिक्षाधिकारी को दी गई है। जिसमें बताया गया है कि प्रयोगिक परीक्षा 17 फरवरी को निर्धारित की गई थी। किन्ही कारणों से बाह्य परीक्षक कैलाशनारायण सूर्यवंशी नहीं आ सके। उनकी अनुपस्थिति में प्रायोगिकी परीक्षा कराई गई। 7 फरवरी को आतरिक परीक्षक शालू जैन भी अनुपस्थित थी उनका आवेदन संलग्न है।

### नीति आयोग से मिले 5 करोड़ के उपयोग पर चर्चा

**विदिशा।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग से मिले 5 करोड़ रुपये की अवार्ड राशि के उपयोग को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग के अधिकारी और एनजीओ संचालक मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में हुई बैठक में महिला एवं बाल विकास, स्व-सहायता समूह, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े परियोजना प्रस्तावों का विश्लेषण किया गया। कलेक्टर ने महिला सशक्तिकरण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए। कैपेसिटी बिल्डिंग पर जोर देने और पूर्व प्रोजेक्ट जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। जनवरी 2024 में विदिशा जिले की नीति आयोग की रैंकिंग में चौथी स्थान आने पर 5 करोड़ रुपये की अवार्ड राशि मिली थी।

### जनसुनवाई में शिकायत के बाद नमूने लिए गए

**विदिशा।** जनसुनवाई में एक आवेदक ने कलेक्टर से ठगी की शिकायत कर दुकानदार पर कार्रवाई की मांग की थी। कलेक्टर श्री सिंह ने आवेदक के प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए जांच के निर्देश दिए। दूसरे दिन बुधवार को नायब तहसीलदार आकाश महंत, खाद्य सुरक्षा एडलिन ई पन्ना के द्वारा खाद्य कारोबारकर्ता आदिनाथ अनाज भंडार बाल विहार का औचक निरीक्षण किया। खाद्य पदार्थ गेहूं ब्रांड लाट साहब, गेहूं ब्रांड रौनक का नमूना जांच के लिए एकत्रित किया। नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

# करीला मेला में आने वाले भक्तों की सुविधाओं कोई खलल नहीं होने देंगे

## अपर कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

होली, रंगपंचमी पावन पर्व पर करीला में भरने वाले मेला में लाखों श्रद्धालुजन मां जानकी मंदिर में पूजा अर्चना व दर्शन के लिए शामिल होते हैं। आगंतुक श्रद्धालुगणों को किसी भी प्रकार की परेशानियां का सामना ना करना पड़े इसके लिए विदिशा जिले की राजस्व सीमा के अन्दर के मार्गो से संबंधित व अन्य वैकल्पिक प्रबंधो की समीक्षा अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर द्वारा की गई।

जिले की सीमावर्ती बामौरीशाला ग्राम पंचायत में आयोजित समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने सभी विभागो के अधिकारियों से कहा कि जो-जो दायित्व पिछले वर्ष आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु सौंपे गए थे उन ही दायित्वों का क्रियान्वयन संबंधित विभागो के अधिकारी इस वर्ष भी और बेहतर तरीको से क्रियान्वित करेंगे। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने जिले की सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित माता जानकी लवकुश मंदिरा करीला मेला में आंगुतकों की सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमियां नहीं होने देंगे। दो जिले क्रमशः विदिशा व अशोक नगर की सीमा पर स्थित माता जानकी लवकुश मंदिर करीला में श्रद्धालुगणों के लिए बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के तहत स्वास्थ्य, यातायात, पेयजल आपूर्ति, बिजली की आपूर्ति, परिवहन, पार्किंग के साथ-साथ खाद्य पदार्थो की आपूर्ति, सुरक्षा प्रबंध, फायर बिग्रेड, वॉलिटियर्स, कंट्रोल रूम, खोया-पाया केन्द्र के साथ-साथ अन्य प्रबंधो पर विचार विमर्श कर क्रियान्वित किया गया।

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चैबे, सिरोंज एसडीएम हर्षल चैधरी सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा मेला के मद्देनजर किए जाने वाले प्रबंधों का जायजा ही नहीं लिया बल्कि क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। इस दौरान बतलाया गया कि विदिशा जिले के तरफ से आने वाले वाहन पार्किंग के लिए स्थलों का चिन्हांकन किया गया है। खुले मैदान में बनाए गए पार्किंग स्थलों तक वाहनों के आने जाने में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए अस्थायी स्लोप भी बनाए गए है। सम्पूर्ण मेला अवधि तक यातायात में किसी भी प्रकार के अवरोध उत्पन्न ना हो इसके लिए एकांकी मार्ग चिन्हित किए गए है। अर्थात आने और जाने के मार्ग पृथक-पृथक होंगे। विभिन्न स्थलों पर सूचना पटल भी लगाए गए हैं।

# पवित्र होली के पावन पर्व को लोगों ने कैसे हुल्लड़बाजी का पर्व बना दिया: ब्रह्माकुमारी

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित भ्राता आशीष भाई भी हुए कार्यक्रम में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



ईश्वरीय रंग में रंगा हुआ मनुष्य ही योगी है। इस सृष्टि पर दो ही रंग है एक माया का रंग दूसरा ईश्वर का रंगप्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा ग्रीन पार्क कॉलोनी गुलाबगंज स्थित सेवाकेंद्र में अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ।

ब्रह्माकुमार आशीष भाई जी ने होली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि होली अर्थात बीती सो बीती, जो हुआ उसकी चिंता ना करो और आगे के लिए श्रेष्ठ कर्म, ज्ञान, योग युक्त होकर करो, होली अर्थात होली हो गई, मैं आत्मा अब ईश्वर अर्पण होली, अर्थात अब जो भी कार्य करना वह परमात्मा के आदेश अथवा श्रीमत के अनुसार ही करना है। होली शब्द का अर्थ हिंदी में पवित्र है तो जो भी कर्म करना है किसी मनोविकार के वशीभूत होकर ना हो अर्थात शुद्ध पवित्र हो इस प्रकार से हम होली के त्यौहार के एक शब्द से ही अनेक शिक्षाएं ग्रहण कर सकते हैं।

ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली के पावन पर्व पर एक दूसरे पर रंग डालने की प्रथा है। ज्ञान को रंग कहा जाता है ज्ञानी मनुष्य का संग अर्थात संबंध संपर्क में रहने वाली आत्मा को भी ज्ञान का रंग चढ़ता है, इस सृष्टि पर दो ही रंग है एक माया का रंग दूसरा ईश्वर का रंग इस रंगमंच पर हर एक मनुष्य इन दोनों में से एक न एक रंग में तो रंगता ही है। निःसंदेह ईश्वरीय रंग में रंगना श्रेष्ठ होली मनाना है क्योंकि इस रंग में रंगा हुआ मनुष्य ही योगी है।

माया के रंग में रंगा हुआ मनुष्य तो भोगी है। आजकल होली के दिन छोटे बड़े सभी मिलकर एक दूसरे के साथ होली खेलते हैं यहां तक की जबरदस्ती भी रंग लगाते हैं वास्तव में लगाना तो चाहिए ज्ञान का रंग, परंतु देह अभिमानी लोग स्थूल रंग वाली होली से तो अधिकतर लड़ाई ही होती हैं। छोटे बच्चे बड़ों की पगड़ी उतारते हैं और बड़े भी एक दूसरे पर कीचड उछालते हैं और एक दूसरे को गाली गलौज भी देते हैं। अफसोस है कि ऐसी होली के पावन पर्व को लोगों ने कैसे हुल्लड़बाजी का पर्व बना दिया है। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हिरण्यकश्यप की बहन होलीका प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर आग के ढेर पर बैठी। और वह सोचती है कि प्रहलाद जल जाएगा और वह बच जाएगी लेकिन इसके विपरीत ही हुआ होलीका जल गई और प्रहलाद बच गया। इसका आध्यात्मिक रहस्य यह है कि एक अकेला बालक भी ईश्वर का ही एकमात्र सहारा लेने पर अनेक परीक्षाओं को पार करते हुए विजयी होता है और सुरक्षित रहता है।

# नामदेव समाज के उत्थान के लिए युवा आगे आकर कार्य करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद

नामदेव युवा विकास परिषद की बैठक तहसील अध्यक्ष शुभम नामदेव के निवास पर हुई। जिसमें समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण नामदेव उपस्थित हुए।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरुण नामदेव ने कहा कि युवा भविष्य की पहचान हैं। नामदेव समाज के विकास एवं उत्थान के लिए हरसम्भव कार्य करने के लिए सभी युवा आगे आकर कार्य करें। वहीं नामदेव युवा विकास परिषद प्रदेश अध्यक्ष अरुण नामदेव ने भोपाल में होने जा रहे नामदेव समाज मंदिर में संत शिरोमणि नामदेव जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रखा है। जवाहर चौक पर नामदेव समाज की धर्मशाला का उद्घाटन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के सभी नामदेव सभी समाज बंधुओं को आमंत्रित किया गया।

इसमें तहसील अध्यक्ष शुभम नामदेव, कालूराम नामदेव, लक्ष्मीनारायण, अभिषेक, कैलाश नामदेव, जगदीश नामदेव, रमेश कुमार नामदेव, दिनेश नामदेव, निकेश, दीपक, अरविंद, बृजमोहन नामदेव, डेलन नामदेव मौजूद रहे।

# बुजुर्गों के पारिवारिक विवाद सुलझाने पुलिस पंचायत हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत की बैठक बुधवार को हुई। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में यह बैठक आयोजित की गई। इसमें बुजुर्गों की समस्याओं पर चर्चा हुई। चार मामलों की सुनवाई कर समाधान निकाला गया।

67 वर्षीय बुजुर्ग ने समधी और उनके बेटों द्वारा गाली-गलौज और मानसिक प्रताड़ना की शिकायत की थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद समझाइश दी गई। भविष्य में विवाद न करने और सम्मानपूर्वक व्यवहार करने की सलाह दी गई। पुलिस पंचायत की पहल से दोनों पक्ष सहमत हुए। आपसी समझौते के बाद भावुक होकर गले मिले। 65 वर्षीय विधवा महिला ने बेटों द्वारा प्रताड़ित किए जाने और खेत से जुड़े विवाद की शिकायत की थी। पंचायत ने दोनों पक्षों को सुना। लंबे संवाद के बाद बेटों ने मां से माफी मांगी। वर्षों से चला आ रहा तनाव खत्म हुआ। मां-बेटे की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। पुलिस पंचायत ने बुजुर्ग महिला को हेल्पलाइन नंबर दिया ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सके।

एक बुजुर्ग महिला ने बहन के पति और बेटे पर करोड़ों रुपए की संपत्ति में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया। पुलिस पंचायत ने संबंधित बैंक से जानकारी लेने की पहल की। आगे की कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया। 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने बहू पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना, भोजन न देने और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया। पुलिस पंचायत ने दोनों पक्षों को सुना। आवश्यक निर्देश दिए। आगामी तिथि पर फिर उपस्थित रहने को कहा ताकि उचित समाधान निकाला जा सके। बैठक में अन्य बुजुर्गों की शिकायतें भी सुनी गईं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, पुलिस पंचायत कोर कमेटी के सदस्य डॉ. सचिन गर्ग, अतुल शाह, प्रमोद व्यास, दिनेश वाजपेयी, विनोद शाह, पर्थ पितालिया, आर. के. कुलश्रेष्ठ और अजय टंडन मौजूद रहे। सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत का उद्देश्य बुजुर्गों को न्याय दिलाना और पारिवारिक विवादों को सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करना है ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।

# आरोपी वासु अहिरवार को हत्या के प्रयास में 5 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदंड

**सागर** । हत्या करने के प्रयास में आरोपी वासु अहिरवार को भा.द.वि. की धारा- 307 के तहत 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं तीन हजार रूपये अर्थदण्ड एवं धारा- 25(1-बी)(ए), 27 आर्म्स एक्ट के तहत 03-03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से सत्र न्यायाधीश एम.के. शर्मा जिला-सागर की अदालत ने दंडित किया एवं दो अन्य आरोपियो को दोषमुक्त किया गया। मामले की पैरवी प्रभारी में अतिरिक्त लोक अभियोजक दीपक भण्डारी ने की । घटना संक्षिप्त में इस प्रकार है कि फरियादी स्वाति साहू ने 3 अगस्त 2023 की रात्रि थाना मोतीनगर में रिपोर्ट लेख कराई कि आज दिनॉक को शाम 4:30 बजे वह अपने लड़के संस्कार के साथ हार्डवेयर की दुकान पर बैठी थी तभी एक लड़का मुँह पर कपड़ा बॉधकर आया और दुकान पर देखकर चला गया। उसने दुकान से बाहर खड़े होकर देखा तो जिसमे एक लड़का वासु अहिरवार एवं एक अन्य लड़का आते हुये दिखे और वासु जैसे ही दुकान के सामने आया तो उसने अपनी कमर से पिस्टल निकालकर जान से मारने की नियत से उसके उपर फायर किया।

**खबर संक्षेप**

### जिले में अनुपयोगी, मोटर नहीं डले हुए और बोर केप नहीं लगे हुए बोरवेल बंद करने के दिए आदेश

**रायसेन।** अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों/बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने संबंधी घटनाएं या तथ्य यदा-कदा संज्ञान में आते रहते हैं। जिले में उक्त घटनाओं की संभावनाओं के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अरूण विश्वकर्मा के आदेशानुसार जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत धारा 163 के तहत जिले की सीमा के अंतर्गत ऐसे बोरवेल जो उपयोग में नहीं आ रहे हैं, जिन बोरवेल में मोटर नहीं डली है और जिनमें बोर केप नहीं लगा हुआ है ऐसे बोरवेल के मकान मालिक/किसान/संस्था को उक्त बोरबेल को क्रांकीट या धातु के ढक्कन/केप से मजबूती के साथ सील या बंद किए जाने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित क्षेत्र के जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ तथा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट क्षेत्र का भ्रमण कर खुले बोरवेलों के खतरे तथा उनकी तुरंत रिपोर्ट के महत्व पर जोर देते हुए अभियान चलाकर जनजागरूकता बढ़ाने, सुरक्षा मापदण्डों का पालन करने में विफल रहने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तथा कार्यवाही करवाने हेतु उत्तरदायी होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से जिला रायसेन की राजस्व सीमाओं में आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर आईपीसी की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।


## दो राज्यों का राजकीय पुष्प, औषधीय महत्व और हर्बल रंगों में होता है उपयोगी

# जंगल व सड़क किनारे लगे पलाश के पेड़ों पर इन दिनों खिले केसरिया फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

बसंत ऋतु की शोभा फूल पलाश खिले अंत फरवरी मास, रंग प्राकृतिक बने इसी से होली उत्सव में जो लाए उजास। जी हां, बसंत ऋतु का जिक्र पलाश के फूलों के बिना अधूरा है। बसंत ऋतु का राजा तो कहीं होली के फूल के नाम से पहचाने जाने वाले पलाश के पेड़ इन दिनों फूलों से लदे हैं। सिलवानी के जंगलों में व सड़क किनारे बड़ी संख्या में पलाश के पेड़ हैं, लेकिन औषधीय महत्व व हर्बल रंगों में उपयोग होने वाले पलाश के संरक्षण की कोई पहल दिखाई नहीं दे रही है।

इन दिनों पलाश के फूल लोगों को बरबस ही अपनी और आकर्षित कर रहे हैं। बसंत ऋतु के आगमन में एक और जहां दूसरे पेड़ों के पत्ते गिरने लगते हैं तो वहीं पलाश के पेड़ पर केसरिया और दूसरे रंगों के फूल खिलने लगते हैं। वर्तमान में जंगल, सड़क व खेतों के आसपास पलाश के पेड़ अलग की छठा बिखेर रहे हैं। दीपक की लौ के समान फूल होते हैं। पलाश को परसा व टेसू नाम से जाना जाता है। धार्मिक आयोजनों के साथ चिकित्सा में भी इसका उपयोग किया जाता है। तेज धूप और गर्मी होने के बाद भी फूल खिले रहते हैं।



### शासन को पलाश के संरक्षण पर देना चाहिए ध्यान

केमिकल रंगों पर प्रतिबंध लगाकर पलाश के फूलों से बने रंगों पर जोर दिए जाने की बात भी कही जाती है आयुर्वेद में पलाश के फल फूल और बीज से दवाइयां बनाने की विधियां दी गई हैं। प्राचीन समय में विधि काफी प्रचलित थी, जो अब लुप्त हो गई है। पलाश के जो पेड़ वन विभाग की भूमि में होते हैं उनकी देखरेख की जिम्मेदारी वन विभाग की ही है। बाकी इनके रख रखाव व संरक्षण के लिए कोई योजना नहीं है।

### डाक टिकट पर भी पलाश को मिला स्थान

पलाश के फूल की महत्ता को देखते हुए उत्तर प्रदेश और झारखंड सरकार ने इसे राजकीय पुष्प का दर्जा दिया है। भारतीय डाक विभाग के टिकिट पर भी पलाश के फूल को सम्मान मिला है। पलाश के फूल सफेद और गुलाबी - केसरिया रंग के होते हैं, जिसमें सफेद पलाश को औषधीय दृष्टिकोण से अधिक उपयोगी माना जाता है।

### तेंदूपत्ते का लाभांश है, लेकिन पलाश का नहीं

सरकार की ओर से तेंदूपत्ता को एकत्र कर लाने के लिए मजदूरों को लाभांश दिया जाता हैए लेकिन पलाश के फूलों को सहेजने उसका औषधीय उपयोग करने तथा रंग आदि को तैयार किए जाने को लेकर कोई योजना अभी तक नहीं है। तेंदूपत्ता की तर्ज पर पलाश के फूलों का संग्रहण कर उसे संरक्षण कर उनके उपयोग किए जाने की बात कही जाती है। इससे इसके एकत्रीकरण पर मजदूरों को लाभ मिल सके।

### स्वास्थ्य से गहरा सबंध रखता है पलाश का पेड़

पलाश, वर्षा, टेसू, खाकरा एक ही वनस्पति के नाम हैं। भारतीय साहित्य और संस्कृति से संबंध रखने वाले इस वृक्ष को चिकित्सा और स्वास्थ्य से भी गहरा संबंध बताते हैं। बसंत में खिलना प्रारंभ होकर यह वृक्ष गर्मी की तपन में भी अपनी छटा बिखेरता रहता है। पलाश के फूलों को प्राचीन काल में होली के रंगों में प्रयोग किया जाता था, जो त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

**पलाश के संरक्षण का प्रयास किया जाना चाहिए**

पलाश का फूल आयुर्वेद के हिसाब से महत्वपूर्ण माना गया है। इसके संरक्षण को लेकर सरकार को प्रयास करना चाहिए। पलाश के फूलो का उपयोग विभिन्न प्रकार की औषधियों को बनाने में किया जाता हैं।

**- राजू पुजारी,** बैध सांईखेड़ा।

## स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल के निवास पर होली मिलन समारोह होंगे नृत्य होली की मस्ती

# होलिका दहन के बाद नगर क्षेत्र में उड़ेगा रंग व गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

वर्ष भर जिस होली के त्योहार की सनातनी परिवारों को प्रतीक्षा रहती है। रात्रि में होलिका दहन, होलिका की विशेष पूजन और सुबह होलिका की अग्नि से घरो-घर बांटिया, दाल भरता बनाने की परंपरा है। आज धुडेली पर संपूर्ण नगर के साथ क्षेत्र में रंग गुलाल की वर्षा होगी। क

षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकोर के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के नाहर कालौनी स्थित निवास पर पिछले वर्ष की तरह होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन रखा गया है। जिसमें इस बार राधा कृष्ण के नृत्यों के साथ फूलों, रंग गुलाल की होली खेली जाएगी। जिसमें नरेन्द्र शिवाजी पटेल राज्यमंत्री उनका संपूर्ण परिवार और नगर एवं क्षेत्र के गांव-गांव से भाजपा के कार्यकर्ताओं, नेताओं की भारी उपस्थिति रहने की संभावना है। पटेल परिवार ने सभी से होली मिलन समारोह में भाग लेने की अपील की है।

### उड़ेगा रंग और गुलाल

होली पर नगर के गली मोहल्लों में जमकर रंग गुलाल खेला जाएगा। होली पर्व पर अनरय वाले परिवारों में पहुंच कर टीका लगा कर शोक सम्वेदना व्यक्त किए जाने की परंपरा है। हिउस के साथ व्यापार महासंघ के व्यापारी और गणमान्य नागरिकों द्वारा अनरय वाले परिवारों और बडे बुजूर्गो के यहॉ पहुंच कर रंग गुलाल लगा कर आर्शीवाद लेने और हम उम्र लोगो के साथ गले मिलने और गिले शिकवे दूर करने की परंपरा आज भी बनी हुई है।



**होगा होलिका दहन**

*नगर के प्राचीन श्रीजी मंदिर में तीन दिन पूर्व ही रंगोत्सव प्रारंभ हो गया। जिसमें भगवान राधा कृष्ण का विशेष श्रंगार, मंदिर में धार्मिक भजन कीर्तन, फागोत्सव के आयोजन में महिला, पुरूषों की सक्रियता बनी हुई है। नगर के मुख्य होलिका दहन स्थान हौली चौक, बडा बाजार, छोटा बाजार, नाहर कालौनी, किनगी रोड, गुरारिया रोड, दालमिल, उदयपुरा नाका, चैनपुर रोड, प्रेम नगर कालौनी सहित एक दर्जन से अधिक स्थानों पर शुभ मुहूर्त में होलिका पूजन दहन के कार्यक्रमों की तैयारी में सनातनी परिवार मोहल्ले के निवासी सक्रिय बने रहे।*

# वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश का नहीं हो रहा पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

बाड़ी नगर परिषद के 2 कर्मचारी भोपाल में 13 दिसंबर लोकायुक्त पुलिस ने 40 हजार नकद एवं 60 हजार रुपए का चेक शुभम जैन और जयकुमार को रंगे हाथों पकड़ा था, जिसमें तत्कालीन प्रभारी सीएमओ बद्रीप्रसाद शर्मा का भी नाम आया था, तीनों को आरोपी बनाया गया एवं जयकुमार को साईंखेडा, बद्रीप्रसाद शर्मा को शाहगंज स्थानांतरण किया गया। वहीं अस्थाई शुभम जैन की सेवा समाप्त कर दी गई, लेकिन शुभम अभी भी काम कर रहा है।

नप के 3 कर्मचारियों पर ट्रैप कांड रिश्वत मामले में तलवार लटकी हुई है जांच प्रचलन में है जांच प्रभावित न हो इसके लिए मप्र शासन द्वारा आरोपी कर्मचारियों पर कार्रवाई हेतु दिशा निर्देश दिए हैं। उनके मूल स्थान से स्थानांतरण करने की दिशा निर्देश का पालन करने के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर निर्देशों का पालन करने का आदेश दिया है। शासन निर्देश पत्र के अनुसार बद्दी प्रसाद शर्मा को सीएमओ के पद से पृथक करते हुए सहायक ग्रेड है। के मूल पद पर स्थानांतरण करने के आदेश दिए हैं।

**नहीं हटाया शुभम जैन को**



जयकुमार लिपिक को समयपाल पद से स्थानांतरण करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। जांच प्रचलन में है जो प्रभावित न हो उक्त कर्मचारी का स्थानांतरण तत्काल किया जाए। शासन निर्देश अनुसार तत्कालीन सीएमओ श्री शर्मा को सहायक ग्रेड एक के पद पर स्थानांतरण शाहगंज नगर परिषद सीहोर किया है। जयकुमार को समय पाल पद से स्नानांतरण सांईखेड़ा नरसिंहपुर किया गया है। लेकिन दैनिक वेतन भोगी सौरभ जैन को जो ट्रैप कांड में आरोपी है उनकी व्यवस्था पर प्रश्न खड़ा हुआ है। उक्त कर्मचारी को विभाग ने हटने के आदेश दिए हैं। सवाल उठ रहे हैं नगर क्यों नहीं हटाया वरिष्ठ कार्यालय द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन हो रहा है या नहीं यह परीक्षण का विषय बना हुआ है अब देखना यह है कि

शासन मंत्रालय द्वारा दिए गए दिशा निर्देश में दैनिक वेतनभोगी को क्यों नहीं हटाया गया। मंत्रालय द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दिए गए दिशा निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि उक्त कर्मचारियों को मूल पद पर ही स्थानांतरण किया जाए और किसी को वरिष्ठ पद पर ना रखा जाए नगर परिषद में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को किस आधार पर हटाया नहीं गया। यह चर्चा का विषय बना हुआ है। सवाल उठता है क्या इससे जांच प्रभावित नहीं हो सकती है।

**इनका कहना है**

*पीआईसी में प्रास्ताव भेजा गया है बैठक बाद निर्णय होगा।*

*-**राजेन्द्र सक्सेना**, सीएमओ बाड़ी*

*शासन ने हटने के निर्देश दिए हैं तो हटाना चाहिए ऐसे भ्रष्ट कर्मचारी को आफिस में क्यों बुलाया जा रहा है।*

*-**शिवानी दिनेश शिल्पी**, पार्षद वार्ड 5*

*शासन दिशा निर्देश का पालन होना चाहिए शुभम जैन तत्काल हटाया जाए।*

*- **कपिल अहिरवार**, पार्षद वार्ड- 10*

*इसकी जानकारी अध्यक्ष से लेकर बता पाऊंगी की क्यों नहीं हटाया।*

*- **भागवती रघुवीर सिंह ठाकुर**, पार्षद वार्ड नंबर 6*

# जंगल की आग खेतों तक जा पहुंची, दमकल ने पाया काबू, अनहोनी टली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

मुआर के जंगल से उठी आग की लपटे खेतो तक पहुचने लगी। जिससे ग्रामीणो में अफरातफरी मच गई। आग लगने की सूचना नप की दमकल को दिए जाने पर मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। जिससे अनहोनी टल गई।

जानकारी के अनुसार मुआर गांव से लगे जंगल में गुरुवार को दोपहर के समय फैले पत्ते में आग लग गई। जो कि फैलते फैलते खेंतो तक पहुचने लगी। ग्रामीणों के द्वारा खेतो तक पहुंच रही आग को सीमित संसाधनो से बुझाने का प्रयास तथा नगर परिषद सिलवानी की दमकल को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी भगवान दास तथा राम स्वरुप ने मौके पर पहुंचे तथ पानी डाल कर आग को काबू में किया।



यदि समय रहते आग पर काबू नही पाया जाता तो आग विकराल रुप ले सकती थी। जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था। ज्ञात रहे कि वर्तमान समय मे खेतो में फसल कटाई का काम चल रहा है। खेतो में फसल कटी रखी है, बल्कि फसल अभी खड़ी हुई भी हैं। आगजनी की एक अन्य घटना बेंगवा में भी हुई जहां कि अज्ञात कारणों से एक कच्चे टपरे में आग लग गई। जिसे कि नप की दमकल ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। हालांकि आगजनी के दोनों ही मामलों में कोई जन धन की हानि नही हुई।

### सेमरा में फ्री आयुष्मान आरोग्य मंदिर का हुआ आयोजन

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा में बुधवार को आंगनबाड़ी क्रमांक एक में आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेमरा द्वारा निःशुल्क आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. सीमा शाक्य द्वारा नवजात एवं शिशु स्वास्थ देखभाल थीम के अंतर्गत बच्चे, महिलाओ का स्वास्थ परीक्षण कर उन्हें उचित होम्योपैथी उपचार प्रदान किया गया।

डॉ. सीमा शाक्य द्वारा शिशुओं की देखभाल के विषय पर माताओं को आवश्यक जानकारी दी गई। शिविर में सेमरा सरपंच पुरूषोतम लोधी, किशनलाल खरे, औषधालय सेवक, रवि कुमार सेन योगा सहायक एवं सनी लोधी उपस्थित रहे।

# होली की हुडदंग कवियों के संग, अ.भा. कवि सम्मेलन के लिए संपर्क प्रचार अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति द्वारा पिछले 30 वर्षो से निरंतर होली, रंग पंचमी के बीच अ.भा. कवि सम्मेलन होली की हुडदंग कवियों के संग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष 16 मार्च को अ.भा. हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। जिसके लिए समिति के पदाधिकारियों द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार और संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।



### आमंत्रित कवि गण

क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के मुख्य आतिथ्य अध्यक्षता में 16 मार्च रविवार को रामलीला मैदान प्रांगण में होने वाले अ.भा. कवि सम्मेलन में देश, प्रदेश के ख्याति प्राप्त कवि कवियित्री आमंत्रित की गई है। सुमित मिश्रा ओरछा, अनिल चौबे, दिनेश देशी घी, सुमित्रा सरल, सपना सोनी, महेन्द्र मधुर, उन्नति भारद्वाज, हीरामणी वैष्णव द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा। समिति के संरक्षक सुरेश बिदुआ, समिति अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, अवध नारायण सक्सेना, भगवानदास राठी, निखिल खरे, राजेन्द्र पटेल, गोपाल बासल, सईद पठान, महेन्द्र भावसार, जेएस धाकड़, किशोर श्रीवास्तव, राजेन्द्र चौधरी, अनूप जैन, नरेश जैन, कवि देवी जैन, प्रेमनारायण साहू ने सभी काव्य हिन्दी प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में 16 मार्च रविवार को रामलीला मैदान में पहुंचने की अपील की है।

## होलिका दहन हुआ, रंगों की बौछार करते हुए निकलेगा चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

होलिका दहन कि साथ ही पंच दिनी होलीत्सव का आगाज हो गया हैं। गुरुवार की रात्रि को नगर के होली चौक, गांधी चौक, पड़ान मौहल्ला, बेंगवा खुर्द, आमापानी, रम्पुरा, गगनवाड़ा सहित अनेको स्थानो पर मंत्रोच्चार के साथ होलिका दहन किया गया।

शुभ मुहुर्त में हुए होलिका दहन को देखने को देखने के लिए बड़ी संख्या म लोग पहुचें। महिलाए व युवा भी होलिका दहन कार्यक्रम के साक्षी बने।

### आज चल समारोह

होलिका दहन के बाद शुक्रवार को चल समारोह नगर में निकाला जाएगा। सुबह प्राचीन श्रीराम मंदिर जमुनियर पुरा से चल समारोह प्रारंभ होगा। जो शनिचारा मौहल्ला, होली चौक, बुधवारा बाजार, आजाद मार्केट, समैया मार्केट, गांधी चौक आदि प्रमुख मार्गो से गुजरता हुआ बजरंग चौराहा पहुंचेगा।

# गुरु रविदास साहेब की 648वीं जयंती पर गीदगढ़ टोला सीलंग में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम गीदगढ़ के गांव गीदगढ़ टोला सीलंग में बन रहे मंदिर पर गुरु रविदास साहेब जी समिति द्वारा बुधवार को देर शाम गुरु रविदास साहेब की 648 जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सांची क्षेत्र के विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी कार्यक्रम में पहुंचे संत सिरोमणि श्री रविदास जी की जयंती समारोह मे सम्मलित हुए।

डॉ चौधरी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि रविदास ने समाज की कुरीतियों और अंधविश्वासों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उस जमाने में अछूत, जातिपाति आदि बड़ी समस्या थी तथा ऐसे लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ती थी। उन्होंने समाज के वंचितों व उपेक्षित समुदाय के लोगों के लिए कार्य किया।



अपने ईश्वर की भक्ति के पदों से मानवतावाद का संदेश दिया। ईश्वर के सामने हर कोई बराबर है।ईश्वर किसी मनुष्य के साथ भेद-भाव नहीं करता है। आज ऐसे समुदाय के लोगों ने उनके विचारों के आधार पर विकास किया है। हमें रविदास के उपदेशों पर चलना चाहिए। संत जी की अमर वाणी है-मन चंगा तो कठौती में गंगा। डॉक्टर प्रभु राम चौधरी द्वारा मंदिर के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा भी की गई।

ग़ीदगढ़ सीलंग में कई बरसों से गुरु रविदास साहब जी का मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। रविदास जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम होता है। जनपद सदस्य शर्मिला चरण सिंह अहिरवार द्वारा क्षेत्रीय विधायक का साल और पगड़ी पहनकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम गीदगढ़ सरपंच लीला किशन अहिरवार, अंबाडी सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार अहिरवार, चरण सिंह अहिरवार, दुर्जन सिंह, रविदास समिति अध्यक्ष भरोसी लाल, हल्के राम, हरि नारायण, केसर सिंह चौकीदार, केसरी लाल एवं समाज ग्रामवासी परिवार उपस्थित रहे।

### पांच दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग मावलखोह मंदिर गढ़ी में संपन्न

**सिलवानी।** एकल अभियान मध्य भरत केंद्र बरेली द्वारा 5 दिनी आचार्य अभ्यास वर्ग का आयोजन मावलखोह स्थित मंदिर परिसर में किया। मुख्य अतिथि नवीन जोशी राष्ट्रीय स्वयंसेवक जिला कार्यवाह, मुकेश राय संभाग युवा प्रभारी, आदित्य रामशरण अंचल अध्यक्ष बरेली मौजूद रहें। मुख्य अतिथि नवीन जोशी ने कहा बार्षिक आचार्य अभ्यास वर्ग में आए समस्त आचार्य प्रशिक्षण प्राप्त कर दूरस्थ वनांचल में समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, स्वावलंबी एवं समाज जागरण के भाव को जाग्रति कार्य करें। संभाग युवा प्रमुख मुकेश राय द्वारा एकल कि संकल्पना को अवगत कराया कि झारखंड के टुडी गांव में भावराव देशमुख ने एक एकल अभियान की शुरुआत की थी आज देशभर में एक लाख से अधिक एकल विद्यालय संचालित हैं।

# अहिरवार समाज संघ ने माता सावित्री फुले का परिनिर्वाण दिवस मनाया, हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर में गत दिवस माता सावित्री बाई फुले का परिनिर्वाण दिवस अंबेडकर मांगलिक भवन में मनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मातृशक्ति के साथ आम जनों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के शभारंभ में अतिथियों के द्वारा माता सावित्री बाई फुले और बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया।

### सोच बदलने की जरूरत

इस दौरान माता सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए अहिरवार समाज संघ भारत के प्रदेश अध्यक्ष हनुमत सिंह बौद्ध ने कहा कि महिलाएं किसी भी वर्ग की हो शोषण अन्याय अत्याचार सबके साथ होता है, फर्क इतना है कि सक्षम वर्ग की महिलाओं के साथ घर में शोषण अत्याचार होता है। जबकि गरीब वर्ग की महिलाओं के साथ घर के साथ-साथ बाहर भी शोषण अन्याय अत्याचार होता है। इसका कारण पुरुष प्रधानता है। आज समाज को अपनी सोच बदलने की आवश्यकता है। दुनिया की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है। हम अपने घर से परिवार से पास पड़ोस रिश्तेदार तथा अपने कार्यक्षेत्र में बदलाव लाना शुरू करें। हम सभी को माता सावित्री बाई फुले जी के जीवन संघर्ष को पढक़र उनके बताए हुए मार्ग पर अवश्य चलना चाहिए।



### 4 दिवसीय अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम होगा

मजबूर गरीब लाचार लोगों की मदद संघ के सभी सदस्य पदाधिकारी करते आए हैं किंतु अब आवश्यकता है विभिन्न स्थानों पर स्थाई कार्यालय बनाने की जिससे मजबूरों की मदद करने मं आसानी हो । लोग गरीबों बेसहारों की मदद करने के लिए आगे आए अपना योगदान दें इसके लिए 11 से14 अप्रैल डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती तक चार दिवसीय अंबेडकर उत्सव कार्यक्रम चिन्हित केंद्र स्थानों पर आयोजित करना सुनिश्चित करें। जिसमें शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक बुराइयां जैसे नशा, महंगी शादी एवं विभिन्न कुरीतियों को बंद करने पर भी चर्चा की जा सकेगी।